tions are sent regularly to the Parliament Library. As a matter of Policy, specific information relating to terms and conditions of the approvals accorded in individual cases are not revealed in the public interest.

(b) The total amount of foreign investment involved in the foreign collaboration proposals, envisaging direct foreign investment in the form of equity in Indian companies, approved during the last 3 years is as under :—

Year	No. of foreign collaboration proposals approved, envisaging foreign direct in vestment in Indian companies	Total amount of foreign direct investment envisaged
1989	194	Rs. 317 crores
1990	194	Rs. 128 crores
*1991	289	Rs. 534 crores

(*includes approvals issued by RBI)

(c) Yes, Sir.

साईकिलों का निर्यात

490. श्री अनन्तराम जायसवाल : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1987 से 1991-92 तक भारत से साईकिलों का कितना वार्षिक निर्यात किया गया और अलग-अलग वर्ष में रुपयों में उनका मूल्य क्या था;

(ख) क्या विकसित देशों में निर्मित साईकिलों की तुलना में भारतीय साईकिलों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिय साईकिल निर्माताओं को उन्नत प्रौधोगिकी और अनुसंधान सहायता प्रदान करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, और

(ग) क्या सरकार देश में साईकिल के प्रयोग को प्रोत्साहन देने का विचार रखती है ताकि पैट्रोल बचत की जा सके तथा पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सके, यदि हां, तो इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०जे० कुरियन) : (क) भारत से 1987-88 से अप्रैल-सितम्बर, 1991 तक साईकिलों का निर्यात निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :

वर्ष	निर्यात किये गये नगों की सं०	निर्यात का कुल मूल्य (रु० लाख में)
1987-88	301052	1354.20
1988-89	165327	871.16
1989-90	उपलब्ध नहीं	1007.58
1990-91	186360	1244.76
अप्रैल-सितंबर, 1991	उपलब्ध नहीं	1689.49††

††ये आंकड़े अनंतिम हैं।

(ख) यूनिडो से सहायता प्राप्त साईकिल एवं सिलाई मशीन विकास केन्द्र, लुधियाना, भारतीय साईकिलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए साईकिल विनिर्माताओं की सहायता करता है।

(ग) जी, हां। साईकिल और साईकिल के हिस्से-पुर्जों को उत्पाद शुल्क से पूरी छूट दी गई है ताकि साईकिल कम से कम संभावित मूल्य पर उपलब्ध हो सके।